## खबर संक्षेप

### व्यवसायी सोनू सर्राफ का निधन, शोक की लहर

**करनाल।** करनाल के जाने माने व्यवसाई राजीव वैद्य सोनू सर्राफ का आज आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर से सर्राफा बाजार में शोक की लहर दौड़ गई। सोनू सर्राफ पिछले कई दिनों से बीमार चल रहे थे। उनका उपचार चंडीगढ़ के एक निजी अस्पताल में चल रहा था। वहीं पर उन्होंने अंतिम सांस ली। वह इस क्षेत्र में व्यवहार कुशल व्यापारी थे। सोनू सर्राफ का योगदान सामाजिक धार्मिक गतिविधियों में काफी रहता था। उनके निधन पर प्रदेश के पर्यटन, जेल, सहकारिता मंत्री डा. अरविंद शर्मा , व्यपार मंडल के प्रदेश प्रवक्ता किशोर नागपाल सहित तमाम व्यापारियों राजनेताओं ने शोक व्यक्त किया हैं।

### हालेंड के गुलाब से मनेगा वेंलेंटाइन डे

**करनाल।** प्यार का प्रतीक पर्व वेलेटाइन डे को ले कर प्रेमियों में खुमार पूरे चरम पर हैं। वेलेंटाइन डे से पहले बाजारों में रौनक दिखाई दी। वेलेंटाइन डेपर गुलाव का अपना ही अलग महत्व हैं। करनाल में बीस रुपए से लेकर सौ रुपए तक मिल रहा है। वहीं पर प्रीजर्व गुलाब का फूल नौ सौ रुपए से लेकर पंद्रह सौ रुपए तक का मिल रहा हैं। वेलेंटाइन वीक में प्रेमियों के उपहार के रुप में दो से तीन करोड़ रुपए के गुलाब का आदान प्रदान होगा। इस बार गुलाब पर कारोना काल के साथ किसानों के आंदोलन की मार पडी है। इस बार गुलाब पहले की अपेक्षा मंहगा हैं। करनाल में लगभग साठ से सत्तर फूलों की दुकानें हैं। लेकिन वेलेंटाइन डे की छंटा करनाल क्लब मार्कीट में दिखाई दे रही हैं। यहां पर पिंडी वाले के यहां हर प्रकार का गुलाब मौजूद हैं। इस बार वेलेंटाइन डे के शुक्रवार को पड़ने के कारण रस अधिक हैं।

### छात्रों को प्रौद्योगिकी की जानकारी दी

**करनाल।** एस सी ई आर टी के तत्वावधान में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डबकौली कलां के प्रांगण में एक स्टेम मेले का आयोजन किया गया। मेले का मुख्य उद्देश्य छात्रों को ज्ञान, विज्ञान प्रौद्योगिकी ,इंजीनियरिंग और गणित के क्षेत्र में रुचि उत्पन्न करना और ज्ञान प्रदान करना था। मेले में मुख्य अतिथि के रूप में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कलसौरा के प्राचार्य राजेश कुमार ने विशेष तौर पर शिरकत की जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्राचार्य विनोद कुमार ने की।

### अपोलो स्कूल में बोर्ड परीक्षा के लिए करवाया हवन

**तरावड़ी।** अपोलो इंटरनेशनल स्कूल, दादूपुर खुर्द में दसवीं तथा 12वीं के छात्र-छात्राओं के अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होने की कामना करते हुए हवन यज्ञ पूजन का आयोजन किया गया । आचार्य जी ने विधि -विधान से हवन संपन्न किया । सभी छात्र-छात्राओं ने हवन में आहुतियां दी । प्रधानाचार्य रजनी शर्मा ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

वीरवार को नहीं हुआ कोई नामांकन

# निकाय चुनाव: 17 तक राजपत्रित अवकाश को छोड़कर सभी कार्यदिवसों में दाखिल हो सकेंगे नामांकन: डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी उत्तम सिंह ने बताया कि वीरवार को मेयर पद तथा निगम पार्षद के लिए कोई भी नामांकन दाखिल नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि नगर निकाय चुनाव की घोषणा के अंतर्गत संबंधित नगर निकायों में आदर्श आचार संहिता लागू है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि करनाल नगर निगम के मेयर पद और सभी 20 वार्डों के पार्षद सदस्यों के चुनाव के लिए एडीसी यश जालुका को रिटर्निंग अधिकारी लगाया गया है। डीसी उत्तम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मतदान 2 मार्च को करवाया जाएगा। वहीं मतगणना 12 मार्च को करवाई जाएगी। नगर निगम चुनाव के लिए प्रत्याशी 17 फरवरी तक सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक राजपत्रित अवकाश को छोडकर सभी कार्यदिवस पर नामांकन दाखिल करवा सकेंगे। 18 फरवरी को नामांकन की जांच का कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नगर निगम चुनाव के लिए आवेदन करने वाले प्रत्याशी 19 फरवरी को सुबह 11 बजे से 3 बजे तक नाम वापस ले सकते हैं। 19 फरवरी को दोपहर तीन बजे के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटन कर दिए जाएंगे।

#### यहां हो रहे है नामांकन


- ▶▶| करनाल नगर निगम मेयर निर्वाचन हेतु वार्ड 1 से 20 तक करनाल की उपायुक्त कार्यालय कोर्ट रूम में सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम घरौंडा राजेश कुमार नामांकन ले रहे है।
- ▶▶| करनाल नगर निगम सदस्य निर्वाचन हेतु वार्ड 1 से वार्ड 5 तक प्रबंध निदेशक, शुगर मिल कार्यालय, मेरठ रोड, करनाल में सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एमडी शुगर मिल राजीव प्रसाद नामांकन ले रहे है।
- ▶▶| करनाल नगर निगम सदस्य निर्वाचन हेतु वार्ड 9 से वार्ड 13 तक जिला परिषद कार्यालय, करनाल में सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं सीईओ जिला परिषद गौरव कुमार नामांकन ले रहे है।
- ▶▶| करनाल नगर निगम सदस्य निर्वाचन हेतु वार्ड 6, वार्ड 7, वार्ड 8, वार्ड 14, वार्ड 15 तक महाप्रबंधक कार्यालय, हरियाणा रोडवेज, करनाल में सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं जीएम हरियाणा रोडवेज कुलदीप सिंह नामांकन ले रहे है।
- ▶▶| करनाल नगर निगम सदस्य निर्वाचन हेतु वार्ड 16 से वार्ड 20 तक जिला नगर योजनाकार कार्यालय, करनाल में सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं जिला नगर योजनाकार सतीश कुमार नामांकन ले रहे है।

## नगर निगम मेयर पद के चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की खर्च सीमा 30 लाख : उत्तम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि नगर निगम मेयर पद के चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की खर्च सीमा 30 लाख रुपये, पार्षद पद के लिए 7 लाख 50 हजार रुपये तय की गई है। नगर पालिका चेयरमैन पद के चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की खर्च सीमा 12 लाख 50 हजार रुपये, पार्षद पद के लिए 3 लाख रुपये तय की गई है।

उन्होंने बताया कि सभी चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को चुनाव खर्च का ब्यौरा रखना होगा और उसे चुनाव खत्म होने के बाद 30 दिनों के अन्दर संबंधित आरओ को जमा करवाना होगा।



यदि कोई प्रत्याशी ऐसा नहीं करता है तो उसे पांच साल के लिए प्रतिबंधित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर किसी प्रत्याशी की आपराधिक पृष्ठभूमि है तो उसे उसका पूरा ब्यौरा सार्वजनिक करना होगा। इसके लिए उसे स्थानीय हिन्दी व अंग्रेजी समाचार पत्रों में पूरी जानकारी प्रकाशित करवानी होगी। साथ ही अलग-अलग 3 दिनों में स्थानीय टीवी चैनल और केबल नेटवर्क पर प्रसारित करवानी होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि मेयर पद के सामान्य वर्ग के पुरुष के लिए 10वीं, महिला, एससी महिला एवं अनुसूचित जाति के पुरुष के लिए आठवीं कक्षा पास होना जरूरी है। नगर निगम के पार्षद पद के लिए सामान्य वर्ग के पुरुष के लिए 10वीं, महिला, अनुसूचित जाति के लिए आठवीं और अनुसूचित जाति की महिला के लिए पांचवीं पास होना जरूरी है।

## करनाल नगर निगम के चुनावों में 3 लाख एक हजार 915 मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का उपयोग

### मतदाताओं की सुविधाओं के लिए प्रशासन ने बनाए गए 265 पोलिंग बूथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि करनाल नगर निगम के चुनावों में इस बार 3 लाख एक हजार 915 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। इन मतदाताओं में एक लाख 56 हजार 19 मतदाता पुरुष तथा एक लाख 45 हजार 890 महिला मतदाता शामिल है। इसके अलावा 6 ट्रांस जेंडर मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा मतदाताओं की सुविधा के लिए कुल 265 पोलिंग बूथ बनाए गए है। इन पोलिंग बूथों पर मतदाता 2 मार्च को अपने मत का प्रयोग करेंगे तथा स्थानीय निकाय के चुनाव के लिए मतगणना 12 मार्च को होगी।

#### वार्ड 16 में 15 हजार 505 मतदाता

उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि वार्ड न0-16 में 15 हजार 505 मतदाता है, इनमें 8 हजार 168 पुरुष मतदाता तथा 7 हजार 337 महिला मतदाता है इनके लिए 14 पोलिंग बूथ बनाए गए है। वार्ड न0-17 में 14 हजार 577 मतदाता है, इनमें 7 हजार 576 पुरुष मतदाता तथा 7 हजार एक महिला मतदाता है इनके लिए 12 पोलिंग बूथ बनाए गए है। वार्ड न0-18 में 12 हजार 861 मतदाता है, इनमें 6 हजार 637 पुरुष मतदाता तथा 6 हजार 224 महिला मतदाता है इनके लिए 11 पोलिंग बूथ बनाए गए है। वार्ड न0-19 में 16 हजार 529 मतदाता है, इसमें 8 हजार 426 पुरुष मतदाता तथा 8 हजार 103 महिला मतदाता है इनके लिए 14 पोलिंग बूथ बनाए गए है। वार्ड न0-20 में 13 हजार 740 मतदाता है, इसमें 7 हजार 192 पुरुष मतदाता तथा 6 हजार 548 महिला मतदाता है इनके लिए 13 पोलिंग बूथ बनाए गए है।

#### वार्ड 11 में 14 हजार 48 मतदाता

उपायुक्त उत्तम सिंह ने बतायाकि वार्ड -11 में 14 हजार 48 मतदाता है, इनमें 7 हजार 205 पुरुष मतदाता तथा 6 हजार 843 महिला मतदाता है इनके लिए 12 पोलिंग बूथ बनाए गए है। वार्ड न0-12 में 12 हजार 734 मतदाता है, इनमें 6 हजार 566 पुरुष मतदाता तथा 6 हजार 137 महिला मतदाता है इनके लिए 12 पोलिंग बूथ बनाए गए है। इसके अलावा इस वार्ड में 1 ट्रांस जेंडर मतदाता है। वार्ड न0-13 में 12 हजार 856 मतदाता है, इनमें 6 हजार 526 पुरुष मतदाता तथा 6 हजार 328 महिला मतदाता है इनके लिए 13 पोलिंग बूथ बनाए गए है। इसके अलावा इस वार्ड में 2 ट्रांस जेंडर मतदाता है। वार्ड न0-14 में 16 हजार 159 मतदाता है, इसमें 8 हजार 366 पुरुष मतदाता तथा 7 हजार 792 महिला मतदाता है इनके लिए 13 पोलिंग बूथ बनाए गए है। इस वार्ड में 1 ट्रांस जेंडर मतदाता है। वार्ड न0-15 में 17 हजार 287 मतदाता है, इनमें 9 हजार 44 पुरुष मतदाता तथा 8 हजार

उन्होंने बताया कि करनाल नगर निगम में मेयर का और 20 वार्डो के निगम पार्षदों के चुनाव होगें। उन्होंने वार्ड वाइज मतदाताओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि वार्ड न0-1 में 15 हजार 244 मतदाता है, इसमें 7 हजार 941 पुरुष मतदाता तथा 7 हजार 302 महिला मतदाता है इनके लिए 14 पोलिंग बूथ बनाए गए है। इसके अलावा इस वार्ड में 1 ट्रांसजेंडर मतदाता है। उन्होंने बताया कि वार्ड न0-2 में 14 हजार 650 मतदाता है, इनमें 7 हजार 513 पुरुष मतदाता तथा 7 हजार 137 महिला मतदाता है इनके लिए 12 पोलिंग बूथ बनाए गए है। वार्ड न0-3 में 15 हजार 842 मतदाता है, इनमें 8 हजार 300 पुरुष मतदाता तथा 7 हजार 542 महिला मतदाता है इनके लिए 15 पोलिंग बूथ बनाए गए है। वार्ड न0-4 में 10 हजार 459 मतदाता है, इनमें 5 हजार 442 पुरुष मतदाता तथा 5 हजार 17 महिला मतदाता है ।

### रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करेंगी भाजपा, नगर निगम चुनाव में फिर से खिलेगा कमल: जगमोहन आनंद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि इस बार के नगर निकाय चुनावों में भारतीय जनता पार्टी बड़ी जीत दर्ज करेगी और फिर से ट्रिपल इंजन की सरकार कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि करनाल नगर निगम चुनाव में एक बार फिर कमल का फूल खिलेगा और भाजपा जीत दर्ज करेगी।

आज हर नागरिक भाजपा की नीतियों से संतुष्ट है और उन्हें पूरा विश्वास है तभी मेयर और सभी 20 वार्डों में भाजपा रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करेगी। करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि प्रदेश सरकार की कथनी और करनी में कोई अंतर नही है, प्रदेश में अभी डबल इंजन की सरकार चल रही है और नगर निकाय चुनावों के बाद प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार काम करेगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में विकास कार्यो की गति प्रगति पर है। विधायक जगमोहन आनंद ने अपने कैंप कार्यालय में आमजन की समस्याओं को भी सुना और अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए।

## सेवा सिमरन सोसाइटी ने नगर कीर्तन निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल में सेवा सिमरन सोसाइटी नानकसर करनाल की ओर से संत बाबा राम सिंह जी की प्रेरणा से धन धन श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की कृपा सदका अमर शहीद धन-धन बाबा दीप सिंह जी के प्रकाश दहाड़े को समर्पित गुरुद्वारा श्री सुखमणि साहिब सेक्टर 7 से पांच प्यारों की अगवाई में साहिब श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की छत्रछाया में नगर कीर्तन सजाया गया ।

नगर कीर्तन की आरम्भता गुरुद्वारा श्री सुखमणि साहिब सेक्टर 7 से पांच प्यारों की अगुवाई में साहिब श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को फूलों से सजी सुंदर पालकी में सुशोभित कर गुरुद्वारा साहिब के हेड



ग्रंथि द्वारा श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की हजूरी में अरदास कर नगर कीर्तन की शुरुआत की गई । नगर कीर्तन की शुरुआत से पहले गुरुद्वारा श्री सुखमणि साहिब सेक्टर 7 के मुख सेवादार सरदार इंद्रजीत सिंह दुआ व गुलजार सिंह चीमा द्वारा पांच प्यारों को सिरोपा देकर नगर कीर्तन को रवाना किया । नगर कीर्तन गुरुद्वारा सेक्टर 7 से आरंभ होकर अरोरा आंखों का हॉस्पिटल, सेक्टर 6 शिव मंदिर, गुरुद्वारा नानकसर बाबा कश्मीरा सेक्टर 6, टैगोर स्कूल ,सेक्टर 5 मेन रोड, सेक्टर 4 से होता हुआ समागम स्थल 218 सेक्टर 4 पार्ट 2 में समाप्ति हुई । नगर कीर्तन गुरुद्वारा नानकसर पहुंचने पर गुरुद्वारा साहिब के मुखी बाबा कश्मीरा सिंह ने पालकी साहिब का स्वागत किया व श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को सुंदर रुमला साहिब भेंट किया। बाबा कश्मीरा सिंह ने सगतो के लिए दूध के लंगर व लड्डुओं का प्रसाद वितरित किया ।

महिलाओं द्वारा पालकी साहब के आगे झाड़ू लगाने की सेवा की व नौजवानों ने पालकी साहिब के आगे फूलों की बरखा की । महिलाओं के शब्दी जत्थे ने पालकी साहब के साथ शब्द गायन कर संगत को गुरु के साथ जोड़ के रखा। दशमेश अखाड़े के नौजवान सिंघो द्वारा गटके के कर्तव्य दिखाए गए । जगह-जगह संगत ने नगर कीर्तन का स्वागत किया ।

## श्री कृष्ण मंदिर में योग कक्षा में सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

मेरा मिशन स्वस्थ भारत के तत्वाधान में चलाए जा रहे सूर्य नमस्कार अभियान के अंतर्गत सेक्टर 14 श्री कृष्ण मंदिर योग कक्षा में सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया गया। मिशन के संचालक दिनेश गुलाटी ने बताया कि इस अभियान में हजारों लोग जुड़ कर हिस्सा ले रहे हैं। कक्षा में पूर्व मेयर रेनू बाला गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रही। और उन्होंने सूर्य नमस्कार का अभ्यास भी किया। उन्होंने कहा कि दिनेश गुलाटी समाज के लिए सराहनीय



कार्य कर रहे हैं कि योग की अलख जगाते हुए लोगों को स्वस्थ कर रहे हैं। दिनेश गुलाटी ने मौजूद साधको को सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया और बताया कि सूर्य नमस्कार हमारे सर्वांगीण विकास में सहायक है। सूर्य नमस्कार शरीर के सभी अंगों के लिए बहुत लाभकारी है। सिर से लेकर पैर तक शरीर के सभी अंगों को लाभान्वित करता है। इसी कारण सूर्य नमस्कार सभी वयायमों में सर्वश्रेष्ठ है।

## प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य गणित के प्रति रुचि पैदा करना: सुदेश ठुकराल

■ जिला स्तरीय गणित क्विज प्रतियोगिता में खंड घरौंडा का रहा दबदबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जिला शिक्षा विभाग करनाल द्वारा एससीईआरटी गुड़गांव के निर्देशानुसार जिला गणित विशेषज्ञ छत्रपाल के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय गणित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी छत्रपाल ने बताया कि यह प्रतियोगिता कुल 4समूह में विभाजित की गई। समूह एक में कक्षा 3 से 5, समूह दो में कक्षा 6 से 8, समूह तीन में कक्षा 9 से 10, समूह चार में कक्षा 11 से 12 जिन टीमों ने प्रत्येक समूह में ब्लॉक स्तर पर पहला दूसरा और तीसरा स्थान प्रथम स्थान प्राप्त किया है उन्हीं टीमों ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लिया है। प्रतियोगिता में विजेता टीम के विद्यार्थियों को जिला शिक्षा अधिकारी सुदेश ठुकराल के द्वारा सम्मानित किया गया तथा उन्होंने सभी विद्यार्थियों और अध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य से बच्चों में गणित विषय के प्रति रुचि पैदा करना है। सभी विद्यार्थियों को इस प्रकार की प्रतियोगिता में बढ़ चढ़ कर भाग लेना चाहिए। जिला गणित विशेषज्ञ छत्रपाल ने बताया कि बच्चे कैसे सरल व रुचिकर तरीके से गणित विषय को सीखें इसके लिए हम प्रयास कर रहे हैं कि जिले के प्रत्येक क्लस्टर में मैथ मॉडल लैब तैयार करेंगे और जिले के प्रत्येक विद्यालय में गणित पजल बुक उपलब्ध कराई जाएगी जिससे गणित के डर को खत्म किया जा सके और बच्चों में रट्टा मारने की प्रवृत्ति को भी दूर किया जा सके तथा गुणवत्ता पूर्वक की शिक्षा को बढ़ावा दिया जा सके।

### परिणाम इस प्रकार रहे.....

समूह 1 कक्षा 3 से 5 में राजकीय प्राथमिक पाठशाला जोड़ माजरा और चोगावा खंड इंद्री की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। समूह 2 कक्षा 6 से 8 में राजकीय कन्या वमावि घरौंडा और राजकीय वमावि कोहंड खण्ड घरौंडा की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 9 से 10 में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ विद्यालय मॉडल टाउन ने बाजी मार ली।

**प्रतियोगिता** इच्छुक टीम 14 तक नगर निगम कार्यालय में कर सकती है आवेदन

## नगर निगम 18 को आयोजित करवा रहा चित्रकला प्रतियोगिता

प्रथम टीम को 5500, द्वितीय को 3100 तथा तृतीय को 2100 रुपये मिलेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

स्वच्छता को बढ़ावा देने तथा स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के चलते नगर निगम करनाल शहर में वाल पेंटिंग व चित्रकला पर आधारित प्रतियोगिता करवाने जा रहा है। यह प्रतियोगिता आगामी 18 फरवरी 2025 को आयोजित होगी। इसके लिए कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज की दीवार को चिन्हित किया गया है। यह जानकारी नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में किसी भी संस्थान या प्रबंधन की टीमें भाग ले सकती हैं।

### आज आखिरी दिन

इसके लिए सम्बंधित टीम को 14 फरवरी 2025 को सांय 5 बजे तक नगर निगम कार्यालय के द्वितीय तल पर कमरा नम्बर 310 में आवेदन करना होगा। प्रतियोगिता का समय प्रातः 9 से सांय 4 बजे तक रहेगा। उन्होंने बताया कि प्रतिभागी टीमों को चित्रकला के लिए दो-दो ब्लॉक आबंटित किए जाएंगे। सभी आवेदनों का




आंकलन करने के उपरांत सबसे ऊपरी क्रम की चियनित 10 टीमों को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

यह रहेगी प्रतियोगिता की रूपरेखा- उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की संख्या अधिकतम 12 होगी, जिसे बढ़ाने व घटाने का अधिकार नगर निगम आयुक्त के पास सुरक्षित रहेगा। एक टीम में अधिकतम 4-5 प्रतिभागी हो सकते हैं, जिनकी न्यूनतम आयु 15 वर्ष होनी चाहिए। भाग लेने वाली प्रत्येक टीम को चित्रकला का पर्याप्त अनुभव होना चाहिए। आवेदन के साथ प्रत्येक टीम को अपने-अपने संस्थान या प्रबंधन का अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा। उन्होंने बताया कि जिस टीम को पूर्व में केन्द्र, राज्य व जिला स्तर पर पुरस्कार मिल चुका होगा, उन्हें वरीयता दी जाएगी।

निगमायुक्त ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रयोग किए जाने वाला सारा सामान जैसे पेंट, ब्रश व जलपान आदि की व्यवस्था नगर निगम द्वारा की जाएगी। टीमों को महाभारत, कर्ण, अर्जुन व भगवान श्री कृष्ण सीन जी के सीन पर चित्रकला बनानी होगी, ताकि समाज में प्रेरणादायक संदेश पहुंच सके। जिस टीम की चित्रकला सबसे सुंदर, सबसे अधिक संदेश देने तथा प्रेरणादायक होगी, उस टीम को पुरस्कार में वरीयता दी जाएगी। प्रतिभागियों के कार्यों का आंकलन गठित ज्यूरी के द्वारा किया जाएगा। यह रहेगी ईनाम राशि- उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आने वाली प्रतिभागी टीम को 5500 रुपये, द्वितीय स्थान के लिए 3100 रुपये तथा तृतीय स्थान पर आने के लिए 2100 रुपये की ईनाम राशि पुरस्कार के रूप में दी जाएगी। इसके अतिरिक्त प्रत्येक प्रतिभागी टीम को 1100 रुपये प्रोत्साहन राशि के रुप में दिए जाएंगे।

### एनएसएस स्वयंसेवकों को सेवा के लिए करता है प्रेरित

**करनाल।** डीएवी पीजी कॉलेज के सात दिवसीय एनएसएस शिविर के तीसरे दिन कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर रामपाल सैनी ने गांव सग्गा में मौजूद स्वयं सेवकों को समाज सेवा से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि एनएसएस प्रकोष्ठ भी विद्यार्थियों को सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित करता है। कैंप में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद हरियाणा साहित्य अकादमी के पुर्व अध्यक्ष डॉ विरेन्द्र चौहान ने स्वयं सेवकों को एनएसएस के माध्यम से राष्ट्रीय विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया, साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को युथ फार डिजिटल इंडिया और डिजिटल लिटरेसी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डीएवी पीजी कॉलेज की इतिहास विभाग की अध्यक्षा डॉ सुलोचना नैन ने स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों को कहा कि उनका व्यक्तित्व विकास बहुत ही आवश्यक है। अर्थशास्त्र विभाग की अध्यक्षा डॉ मिनाक्षी कुंडू ने भारतीय अर्थव्यवस्था एवं भारतीय बजट के विषय में विद्यार्थियों को विस्तार से जानकारी दी। स्वेता धीमान ने स्वयं सेवकों को प्राथमिक उपचार, प्राकृतिक आपदा प्रबंधन एवं बचाव के विषय में जागरूक किया। संयोजक एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बलराम शर्मा ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया और साथ ही दैनिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए अगले दिन के कार्यक्रमों की जानकारी दी।

## खबर संक्षेप

### वेलेंटाइन डे परसर्व प्रेम दिवस मनाएं : डॉ. जैन

**पानीपत।** अंकन साहित्यिक मंच के संरक्षक एवं आर्य पीजी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ.एपी जैन ने वेलेंटाइन डे पर कहा कि इसे सर्व प्रेम दिवस के रूप में मनाया जाए। हम परिवारों में जो भी रिश्ते हैं और उनमें जिस प्रकार का प्यार अपेक्षित है उन सबको क्यों सम्मिलित नहीं करते। बल्कि इस विषय को पशु-पक्षी प्रेम, पेड़-पौधों से प्रेम, प्रकृति प्रेम तक क्यों नहीं ले जाते। इस दिन के समानांतर पारिवारिक निष्ठा दिवस का बड़े पैमाने पर आयोजन किया जा सकता है। इस विषय पर मेरी कुछ पंक्तियां इस प्रकार हैं .. वेलेंटाइन डे को सर्व प्रेम दिवस बनाया जाए, मर्यादाहीन युवा आचरण को इससे हटाया जाए, विरोध से तो इसका आकर्षण ही बढ़ेगा, परिवार, पर्यावरण प्रेम का विकल्प अपनाया जाए, रोज डे, प्रपोज डे, आठ बाजारू डेज की जगह पुष्प-पेड, पशु-पक्षी, पति-पत्नी आदि प्रेम पनपाया जाए।

### समाधान शिविर में जनसुवाई की

**पानीपत।** डीसी डॉ. वीरेंद्र दहिया ने जिला सचिवालय के सभागार में जनता समाधान शिविर में जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए कहा कि समाधान शिविर जनता की समस्याओं के निदान का सशक्त माध्यम है। इसका फायदा आम जन को अधिकारियों की मेहनत से निरंतर मिल रहा है। समाधान शिविर में जो समस्या एक बार पहुंच जाती है उसका निश्चित रूप से समाधान होना तय है। अधिकारियों को मन व लगन से समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं का निदान करना चाहिए।

### पशु पीड़ितों को आर्थिक सहायता दी

**पानीपत।** जिला सचिवालय में स्थित सभागार में उपायुक्त एवं कमेटी चेयरमैन डॉ. वीरेंद्र दहिया ने नगर निगम क्षेत्र में पशुओं व आवारा कुत्तों द्वारा काटे जाने वाले जिले को नागरिकों को एक महत्वूपर्ण बैठक के तहत आर्थिक मदद प्रदान की गई। इसमें चार मामलों को लेकर उपायुक्त ने 4 लाख 20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। बैठक में निगम कमिशनर डॉ.पंकज, सीएमओ जयंत आहुजा, डीएमसी अरूण भारगव, एएसआई गुरमीत व सीएसआई सुरेन्द्र मौजूद रहें।

### मासिक धर्म को लेकर जागरूक किया

**पानीपत।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व एमडीडी ऑफ इण्डिया संस्था तथा संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी के संयुक्त तत्वावधान में गांव राजाखेड़ी के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं को 'स्वास्थ्य सखी अभियान' के तहत मासिक धर्म को लेकर जागरूक किया। इस अवसर पर एमडीडी ऑफ इण्डिया की सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता पायल, स्वास्थ्य विभाग से काउंसलर अंजू गौतम, स्कूल से प्रिंसिपल सुमित्रा देवी, जयदेव, जितेन्द्र और महिला एवं बाल विकास विभाग से सुपरवाइजर प्रतिभा आदि उपस्थित रहे।

### आरोही स्कूल में परीक्षा 23 से

**पानीपत।** आरोही मॉडल सीनियर सेकेंड्री स्कूल, छाजपुर कलां में छठी, नौवी व ग्यारहवीं की कक्षाओं में प्रवेश हेतु 23 फरवरी को प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानाचार्य हेमलता बाल्यान ने जानकारी देते हुए बताया कि इच्छुक छात्र 17 फरवरी तक स्कूल में आकर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। खंड शिक्षा अधिकारी कृष्णा खत्री जी ने सभी सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों के छात्रों से अनुरोध किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में प्रवेश परीक्षा में भाग लें।

### दस बच्चों का दाखिला करवाया

**समालखा।** राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय गांव नामुंडा में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी के निर्देशानुसार बुलाओ टोली के माध्यम से मुख्य अध्यापक राजपाल मित्तल एवं प्रदीप कुमार द्वारा गांव में जाकर विद्यालय में न आने वाले बच्चों को विद्यालय के लिए बुलाया गया। इस मुहिम में 10 बच्चों को विद्यालय में लाया गया। मुख्य अध्यापक द्वारा गांव वासियों को विद्यालय में न आने वाले बच्चों को विद्यालय में लाने के लिए सहयोग करने की अपील की गई।

---

### यात्रा में लगभग 80 भक्त सफर कर रहे है

# सूर्यपुत्री तापी माता व नर्मदेश्वर महादेव मंदिर पहुंची महासंगम यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति के पुनर्जागरण का संकल्प लिए महासंगम यात्रा जब गुजरात में प्रविष्ट हुई, तो यहां के पवित्र स्थलों की दिव्यता से इसका स्वागत हुआ। इस आध्यात्मिक यात्रा के तहत भक्तों ने सूर्यपुत्री तापी माता के तट पर विशेष पूजन और आरती का लाभ लिया। साथ ही, नर्मदा नदी स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में विशेष दर्शन एवं अनुष्ठान संपन्न किए गए। इस यात्रा का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद एवं भगवा ऐप के माध्यम से किया जा रहा है। यात्रा में लगभग 80 भक्त सफर कर रहें है। वहीं, अंतर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री एवं एवीपीएल इंटरनेशनल के चेयरमैन दीप सिहाग सिसाय ने बताया भारत में तापी नदी को सनातन परंपरा में विशेष स्थान प्राप्त है। इसे सूर्यदेव की पुत्री माना जाता है और इसकी महिमा गंगा एवं नर्मदा जैसी पवित्र नदियों के समान मानी गई है। सूरत को दानवीर कर्ण की भूमि भी कहा जाता है, क्योंकि यही वह स्थान है जहां कर्ण ने अपनी सम्पूर्ण सम्पत्ति और स्वर्ण दान किया था। महासंगम यात्रा के संतों और श्रद्धालुओं ने यहां सामूहिक रूप से तापी आरती में भाग लिया, जो गंगा आरती की ही भांति एक दिव्य अनुभव प्रदान करती है। इधर, परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन डॉ. नवीन नैन भालसी ने बताया कि महासंगम यात्रा के अगले पड़ाव में नर्मदा नदी स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर के दर्शन किए गए। नर्मदा के जल से उत्पन्न नर्मदेश्वर शिवलिंग को अत्यंत पवित्र और सिद्ध शिवलिंग माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, नर्मदा नदी से प्राप्त प्रत्येक शिवलिंग स्वयं सिद्ध होता है और इसे घर या मंदिर में स्थापित करने के लिए किसी विशेष प्राण प्रतिष्ठा की आवश्यकता नहीं होती। उन्होंने बताया कि नर्मदेश्वर शिवलिंग की आध्यात्मिक महिमा है। इसे स्वयंभू शिवलिंग माना जाता है, जो स्वयं अपनी शक्ति से प्रतिष्ठित होता है। इस शिवलिंग की उपासना करने से भगवान शिव की कृपा प्राप्त होती है और समस्त सिद्धियों की प्राप्ति होती है। नर्मदेश्वर महादेव की आराधना करने से परिवार में मंगलकारक ऊर्जा का संचार होता है। मान्यता है कि इसकी पूजा करने से स्थिर लक्ष्मी प्राप्त होती है और समस्त सांसारिक भय समाप्त होते हैं। नर्मदेश्वर शिवलिंग की जलाभिषेक पूजा में बेलपत्र को अर्पित करना विशेष शुभ माना जाता है। सनातन संस्कृति की धरोहर को जागृत करने का संकल्प महासंगम यात्रा का यह पड़ाव सनातन संस्कृति और भारतीय आध्यात्मिक परंपराओं को पुनर्जीवित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर सिद्ध हुआ।



पानीपत। अंतरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के पदाधिकारी डॉ. नवीन नैन भालसी व दीप सिहाग सिसाय आदि पूजन करते हुए। फोटो :हरिभूमि

---

# विधायक भड़ाना का स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

पानीपत के गांव पट्टीकल्याणा में विधायक मनमोहन भड़ाना ने पट्टिकल्याणा से चुलकाना की सड़क का शिलान्यास किया। समय सीमा के अंदर निर्माण कार्य को पूरा करने का निर्देश विधायक भड़ाना ने अधिकारियों को दिए हैं।

इस मौके पर गांव वालों ने विधायक मनमोहन भड़ाना का धन्यवाद करते हुए बताया की हमने विधायक से सड़क बनवाने के बारे में मांग रखी थी तो विधायक ने तुरंत कार्रवाई शुरू करवा दी। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया की पट्टीकल्याण से चुलकाना गांव में श्री श्याम बाबा मंदिर गांव चुलकाना में लाखों श्रद्धालु इस रास्ते से जाते हैं सड़क बनने से सभी आने जाने वालों को अब किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होगी। गांव में पहुंचने पर लोगों ने विधायक मनमोहन भड़ाना का फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर योगेश कुमार, प्रधान रोशन लाल, नंदलाल अरोड़ा के अलावा काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त रविदास जयंती के पर्व पर समालखा विधान सभा के गांव उझा, डाडोला, जलमाना आदि गावो के कार्यक्रम में भी विधायक भड़ाना शामिल हुए।



समालखा। गांव पट्टीकल्याणा में विधायक मनमोहन भडाना का स्वागत करते हुए ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

# दंगा पीड़ित सिखों को न्याय मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

समालखा। सन 1984 के दंगों में सिखों के कत्ले आम के आरोपी सज्जन कुमार को दोषी करार देने के अदालत के फैसले से सिख कौम को बड़ी राहत मिली है। अब इस घटना के लगभग 41 साल बीतने के बाद सज्जन कुमार को एक और मामले में सजा हुई है। वहीं कांग्रेस के एक और नेता जगदीश टाइटलर पर भी केस चल रहें हैं। इसके अलावा कांग्रेस नेता एचकेएल भगत और कमलनाथ भी सिख दंगों से जुड़े मामले में आरोपी रह चुके हैं। गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान जगतार सिंह बिल्ला ने अदालत के फैसले की प्रशंसा करने के साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व ग्रहमंत्री अमित शाह का धन्यवाद किया करते हुए कहा कि केन्द्र द्वारा 1984 के सिखों के कत्ले आम केसों की फिर से जांच के लिए एस आईटी का गठन करने के बाद सज्जन कुमार को दूसरे केस में दोषी करार दिया गया।



समालखा। सिख नेता अदालत व केंद्र सरकार का आभार जताते हुए।

---

# कठोर परिश्रम पर मिलती है सफलता : अनिल मलिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

जिसने भी खुद पर ध्यान केंद्रित किया, लक्ष्य पर निगाहों को टिकाकर रखा उसी ने इतिहास रचा है। दुनिया में आपको कोई भी हरा नहीं सकता अगर आपने खुद के मन को साध लिया है, खुद पर विजय पा ली है। उक्त बातें आज हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की महत्वाकांक्षी राज्य परियोजना के तहत मतलौडा खंड के गांव अटावला स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों हेतु जिले के तीसरे तथा राज्य के 180वें बाल सलाह, परामर्श व कल्याण केंद्र की स्थापना करते हुए मुख्य अतिथि मंडलीय बाल कल्याण अधिकारी रोहतक एवं राज्य नोडल अधिकारी अनिल मलिक ने कही। इस अवसर पर वार्षिक परीक्षा खुद को परखने का सही समय विषय पर आयोजित सेमिनार में उपस्थित किशोरावस्था के विद्यार्थियों व उनके शिक्षक को संबोधित करते हुए अनिल मलिक ने कहा कि खुद को परखने, खुद अपनी परीक्षा लेने के लिए इंसान को अपने अंदर झांकना पड़ता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्रिंसिपल सत्यवान सिंह ने की।



पानीपत। राजकीय स्कूल में अनिल मलिक के साथ विद्यार्थी व अध्यापकगण।

# सराहनीय सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देने वाले सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

जिला प्रशासन द्वारा आयोजित जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में शिक्षा विभाग की तरफ से जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस पर उत्कृष्ट व मनोहर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति, मास पीटी डम्बल लेजियम, झांकी प्रदर्शन में सराहनीय सहयोग के लिए डीईओ राकेश बूरा, डीईईओ सुभाष चंद्र भारद्वाज, बिजेंद्र हुड्डा बीईओ पानीपत एवं बीआरसी बिक्रम सहरावत, जिला कॉर्डिनेटर ललित कला प्राध्यापक प्रदीप मलिक ने एसडीवीएम सिटी प्राचार्य डा. शिवानी कंदौला, जीवीएम स्कूल सनौली रोड पानीपत प्राचार्य नम्रता खेर, बाल विकास स्कूल मॉडल टाउन पानीपत प्राचार्य कांता खुराना, एमएएसडी पब्लिक स्कूल प्राचार्य डाक्टर बबीता भारद्वाज, एसडीवीएम हुडा प्राचार्य अन्नू गुप्ता, राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल जीटी रोड पानीपत प्राचार्य प्रतिमा शर्मा को सराहनीय सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देने वाले स्कूलों की श्रेणी में सम्मानित किया गया। जबकि प्राचार्या मीनू चौधरी, सुमन मोर, जयपाल सरोहा, सुरेंद्र सिंह, अनिल कुमार, अलका लांबा, विनोद सिंगला, एईओ डाक्टर रविंद्र अंतिल, सुरेंद्र राठी, सुरेखा रानी, शिल्पा, कमलेश, सुधीर, मोनिका चहल, मिताली, रितिका, वेद प्रकाश, ज्योति चोपड़ा, मोनिका छिक्कारा, जयदीप, योगिता, सुमन, रीना, वीना, ज्योति भाटिया, जितेंद्र कुमार, हरिओम के अलावा डीपीई सतेन्द्र मलिक, बलराज, प्रदीप कादियान, सुरेश कुमार, जोगिंद्र सिंह, सुरेंद्र, नरेंद्र, राकेश, विकास, प्रदीप, नरेश, जितेंद्र, रश्मि, सोनिया, अनिल कुमार, सुखबीर, हरपाल, नवाब, मुकेश बोस, पुनीत, अतुल, अनिता, संगीता गाबा आदि को सम्मानित किया गया।



पानीपत। शिक्षा अधिकारियों के साथ सम्मानित हुए शिक्षाविद्। फोटो :हरिभूमि

---

# ई चालान प्रणाली के शत प्रतिशत प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने वीरवार को जिला सचिवालय स्थित पुलिस विभाग के सभागार में अधिकारियों की बैठक लेकर ई साक्ष्य, ई सम्मन, ई चालान व ऑनलाइन गवाही के क्रियान्वयन की समीक्षा की। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक सिंह ने जिला में ई साक्ष्य, ई सम्मन व ई चालान प्रणाली के शत प्रतिशत प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सतीश वत्स, सुरेश कुमार सैनी, राजबीर सिंह, नरेंद्र सिंह व सभी थाना प्रभारी, क्राइम युनिट प्रभारी व चौकी इंचार्ज मौजूद रहें। वहीं, एसपी सिंह ने कहा कि नए आपराधिक कानूनों के अनुसार जांच साक्ष्यों की श्रृखला का संकलन डिजिटल स्वरूप में करना अनिवार्य किया गया है। इसके तहत साक्ष्य, घटना स्थल की स्थिति व मौके से बरामदगी आदी की वीडियों ग्राफी जरूरी है। गंभीर अपराध जिसमें सात साल या इससे अधिक सजा के प्रावधान वाले मामलों में साक्ष्य की फॉरेंसिक जांच भी अनिवार्य है। साक्ष्य को डिजिट तरिके से संग्रह करने के लिए ई साक्ष्य ऐप तैयार किया गया है। साक्ष्यों को ई साक्ष्य ऐप पर अपलोड किया जाए। और साथ ही इन्हें एफआइआर से लिंक किया जाए। यह प्रक्रिया न्यायालय में केस सुनवाई के दौरान सही और सटीक साक्ष्य उपलब्ध कराने में मदद करेंगी। कार्यप्रणाली में इसकी प्रभावी तरिके से अनुपालना करें। एसपी सिंह ने कहा कि नए कानूनों के अनुसार न्यायालय में ऑनलाइन गवाही की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।



पानीपत। पुलिस कप्तान लोकेंद्र सिंह, अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए।

# पीआरपीसी ने 2780 टीबी रोगियों को 60 लाख की पोषण किट बांटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

जिला पानीपत एवं इसके आसपास के गांवों के टीबी रोगियों का निक्षय पोषण आहार सुनिश्चित करने हेतु इंडियन ऑयल की पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स (पीआरपीसी) ने अपने कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गांव ददलना में 2780 टीबी रोगियों को करीब साठ लाख कीमत की पोषण किट वितरित की। इस कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य अतिथि एमएल डहरिया, कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख, (पीआरपीसी) ने तरुण कुमार बिसाई, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन), डॉ जयंत आहूजा, सिविल सर्जन, पानीपत, डॉ. पवन, सीनियर मेडिकल ऑफिसर, ददलना, डॉ. लाभ सिंह, डिसिट्रिक्ट टीबी ऑफिसर, पानीपत की गरिमामयी उपस्थिति में यह कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर चरणजीत, सरपंच प्रतिनिधि, ददलना, दीपक राणा, चेयरमैन ब्लॉक समिति एवं नैन पाल राणा आदि उपस्थित रहे।



पानीपत। रिफाइनरी के अधिकारियों के साथ पोषण किट पाने वाले रोगी, आदि।

---

**व्याख्यान** आर्य कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय रेडियो दिवस पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन

# मनोरंजन के साथ ज्ञान का स्त्रोत भी है रेडियो : निशा शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आर्य कॉलेज के जनसंचार विभाग के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय रेडियो दिवस के अवसर पर एक दिवसीय विस्तार व्याख्यान का आयोजन करवाया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर सुप्रसिद्ध वाइस ओवर आर्टिस्ट निशा शर्मा ने शिरक्त की। कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने मुख्य वक्ता का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर पौधा देकर स्वागत किया और साथ ही जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. दिनेश गाहल्याण, प्राध्यापक शिवांक रावल, केशव शर्मा प्राध्यापिका गजल पांचाल व सोनू अठावले को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने अपने संबोधान में बताया कि 2011 में यूनेस्को सदस्य देशों द्वारा और 2012 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा अनुमोदित 13 फरवरी को विश्व रेडियो दिवस मनाने की घोषणा की थी। डॉ. गुप्ता ने बताया कि 19 वीं शताब्दी से विकसित होते हुए रेडियो ने विज्ञान, संचार व ऑडियो कार्यक्रमों से होते हुए एफएम से लेकर वर्तमान में पोडकास्ट तक का सफर तय करते हुए लोगों के दिलों में अपनी छाप छोडी है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि आज के समय में जनसंचार के विद्यार्थियों के लिए रेडियो के क्षेत्र में रोजगार के बहुत सारे अवसर हैं, बस इसके लिए विद्यार्थियों को निरंतर अपने अपनी आवाज के साथ-साथ अपनी स्किल्स पर काम करने की आवश्यकता है। मुख्य वक्ता निशा शर्मा ने अपने संबोधन में बताया कि अगर हमे जीवन में एक अच्छा मुकाम हासिल करना है तो वह केवल और केवल कड़ी मेहनत और परिश्रम से ही संभव हो पाएगा। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी आवाज़ को बेहतर बनाने के लिए बहुत सी वॉयस एक्सर्साइज़ भी बताई कैसे हम अपनी आवाज़ में और ज्यादा निखार ला सकते है। वहीं, जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. दिनेश गाहल्याण ने बताया कि जब 1987-88 में टेलीविजन घर-घर पहुंचने लगा और सन-1990 में केबल नेटवर्क की शुरूआत हुई तो लोगों के मन में ये धरणा बनना शुरू हो गई थी के अब रेडियो का समय खत्म हो गया है लेकिन 2001 में जब प्राइवेट एफ.एम शुरू हुआ तो लोगों की यह धारणा गलत साबित हुई। उन्होंने बताया की आज स्मार्ट फोन के समय में भी रेडियो पोडकास्ट व एफ.एम के माध्यम से लोगों का ज्ञान अर्जन व मनोरंजन कर रहा है। अपने संबोधन के अंत में उन्होंने यह भी बताया कि जनसंचार विभाग द्वारा कॉलेज प्रांगण में रेडियो प्रेरणा चलाया जा रहा है जिसमें पूरे कॉलेज प्रांगण स्पीकर लगाए गए हैं। कॉलेज के हर छाटे-बडे अवसर पर महत्वपूर्ण जानकारियों के साथ-साथ हर त्यौहार पर विशेष कार्यक्रम प्रसारित किए जाते हैं।



पानीपत। आर्य कॉलेज में जनसंचार विभागाध्यक्ष डॉ. दिनेश, अतिथि का स्वागत करते हुए। फोटो :हरिभूमि



पानीपत। आईबी कॉलेज में विजेता विद्यार्थी अपने टीचर्स के साथ। फोटो :हरिभूमि

### राज तंत्र में सबसे बेहतर है लोकतंत्र : डॉ. मलिक

**पानीपत।** आईबी कॉलेज में लोकतंत्र के सकारात्मक और नकारात्मक प्रभावों पर भाषण प्रतियोगिता हुई। वहीं, प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मालिक ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र एक सशक्त व्यवस्था है, लेकिन इसकी सफलता नागरिकों की जागरूकता और सक्रिय भागीदारी पर निर्भर करती है। यह कार्यक्रम छात्रों को लोकतंत्र के महत्व को समझने और उसके प्रति जिम्मेदार बनने का एक अवसर प्रदान करता है।

### फौज में भर्ती हो देश की सेवा करें विद्यार्थी-ब्रिगेडियर भंडारी

**पानीपत।** दयाल सिंह पब्लिक स्कूल में सशस्त्र बलों में कैरियर विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. विनीता कुमार तोमर ने मुख्य वक्ता सेवानिवृत ब्रिगेडियर एनके भंडारी का गमले में पौधा भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में कक्षा नौंवी से बारहवीं के लगभग 250 विद्यार्थियों ने भाग लिया। ब्रिगेडियर भंडारी ने विद्यार्थियों को जीवन में सफल होने तथा भारतीय सशस्त्र बल में सफल होने का मूल मंत्र दिया। उन्होंने भारतीय सेना में शार्ट सर्विस कमीशन, सैनिक, अर्धसैनिक बल, सीमा सुरक्षा बल, केन्द्रीय पुलिस बल, तकनीकी एवं मेडिकल आदि सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी।

**बेदखली सूचना**

मैं, कवर सिंह पुत्र श्री हरबंस निवासी शक्ति नगर, नजदीक काबडी कच्चा फाटक, तहसील व जिला पानीपत ब्यान करता हूँ कि मेरा लडका मनोज उम्र 34 वर्ष जोकि अविवाहित है और मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है व गलत संगत का शिकार है। इसलिए मैं उसको अपनी चल अचल सम्पति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में उससे हमारा कोई सम्बंध वास्ता नही रहेगा और उससे लेन देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। हमारी कोई जिम्मेदारी नही होगी।

शपथकर्ता

